संख्या:31/2024/835ई-2/तेरह-2024-1855278

प्रेषक,

दुर्गा सिंह
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊः:दिनांक 07 अक्टूबर, 2024

विषयः-मेसर्स बैक ब्रीयूज कम्पनी प्रा.लि., क्लब टावर (ग्राउण्ड, फर्स्ट एण्ड सेकेण्ड फ्लोर) एडजासेंट टू टावर-ए, परमहंश मार्ग, नोएडा वन सेक्टर-62, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश 201301 द्वारा संचालित रेस्टोरेंट "MALTT & MYTHS" (ए यूनिट आफ बैक ब्रीयूज कम्पनी प्रा.लि.) पता-क्लब टावर (ग्राउण्ड, फर्स्ट एण्ड सेकेण्ड फ्लोर) एडजासेंट टू टावर-ए प्लाट नं.-8, ब्लॉक-बी, नोएडा वन सेक्टर-62, नोएडा सिटी जोन-1, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश-201301 को माइक्रो ब्रिवरी स्थापना हेतु एम.बी.-5 अनुज्ञापन निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या:जी-69/दो-प्रा. एम.बी. (29)/लघु यवासवनी, दिनांक 26-09-2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 26-09-2024 में आप द्वारा की गयी संस्तुति/प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के राजस्व एवं औद्योगिक हित तथा निवेश एवं रोजगार संवर्धन के दृष्टिगत मेसर्स बैक ब्रीयूज कम्पनी प्रा.लि., क्लब टावर (ग्राउण्ड, फर्स्ट एण्ड सेकेण्ड फ्लोर) एडजासेंट टू टावर-ए, परमहंश मार्ग, नोएडा वन सेक्टर-62, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश 201301 द्वारा संचालित रेस्टोरेंट "MALTT & MYTHS" (ए यूनिट आफ बैक ब्रीयूज कम्पनी प्रा.लि.) पता-क्लब टावर (ग्राउण्ड, फर्स्ट एण्ड सेकेण्ड फ्लोर) एडजासेंट टू टावर-ए प्लाट नं.-8, ब्लॉक-बी, नोएडा वन सेक्टर-62, नोएडा सिटी जोन-1, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश-201301 को 171 (एक सौ इकहत्तर) लीटर प्रतिदिन अर्थात् वर्ष में 350 कार्यकारी दिवस के आधार पर 59,850 (उनसठ हजार आठ सौ पचास) लीटर वार्षिक ड्राट बियर उत्पादन किये जाने हेतु माइक्रो ब्रिवरी की स्थापना हेतु एम.बी.-5 अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि इकाई द्वारा निम्नलिखित नियमों एवं शर्तों का अक्षरश: अनुपालन किया जायेगा:-

(1) इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश यवासवनी नियमावली, 1961 (यथासंशोधित) में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल एवं वायु हेतु निर्गत कन्सेन्ट टू आपरेट प्रमाण पत्र दिनांक 15.11.2022 में उल्लिखित शर्तों का अनुपालन किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(3) इकाई द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन किया जायेगा।

(4) इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार एवं आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये गये मानको एवं गाईडलाइन का अनुपालन किया जायेगा।

(5) उक्त के अतिरिक्त इकाई द्वारा गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जी.एम.पी.) तथा भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए उत्पादन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) आबकारी आयुक्त द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इकाई पर अद्यतन कोई आबकारी राजस्व बकाया नहीं है।

(7) आबकारी आयुक्त द्वारा इस संदर्भ में लागू अन्य समस्त सुसंगत नियमों/ नियमावलियों व शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

तद्नुसार कृपया अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दुर्गा सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।